# रेलवे स्टेशन पर भारी अव्यवस्था

## जिला बनने के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यात्री, महीनों से उजड़ा पड़ा है प्लेटफॉर्म नंबर 1 का शेड

- सिर्फ लोहे का ढांचा कंकाल की तरह खड़ा, न जनप्रतिनिधियों को सरोकार, न रेल प्रशासन को परवाह
- जनता में भारी आक्रोश

**लोकसदन >> सक्ती।**



जिला बने लंबा समय बीत चुका है, लेकिन जिला मुख्यालय का मुख्य रेलवे स्टेशन आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। सक्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर फैली भारी अव्यवस्था के कारण हर दिन यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर समस्या प्लेटफॉर्म पर पर्याप्त शेड (टीन की छत) का न होना है। महीनों पहले पुराने शेड को उखाड़ कर फेंक दिया गया था, जिसके बाद से आज तक वहां सिर्फ लोहे का ढांचा कंकाल की तरह खड़ा है।

### बारिश में भीगने को मजबूर यात्री

सक्ती स्टेशन पर रोजाना कई पैसेंजर और सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव होता है। भारी-भरकम किराया चुकाने के बावजूद यात्रियों को खुले आसमान के नीचे बैठकर या खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। वही बरसात के मौसम में स्थिति और भयानक हो जाती है। जब तेज बारिश होती है, तो यात्रियों के पास छिपने की भी जगह नहीं होती। सुपरफास्ट ट्रेनों की बोगियां प्लेटफॉर्म के अंतिम छोर तक खड़ी होती हैं, जहां तक पहुंचने के लिए यात्रियों को खुले में भीगते हुए दौड़ना पड़ता है। बारिश और भागमभाग के बीच कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि लोगों को चलती ट्रेन में चढ़ने का जोखिम उठाना पड़ता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी रहती है।

इस अव्यवस्था का सबसे बुरा असर बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों वाले परिवारों पर पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म पर न तो सिर छिपाने की जगह है और न ही पर्याप्त छाया। गीले प्लेटफॉर्म पर सामान लेकर भागना और बुजुर्गों को संभालना यात्रियों के लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

### महंगा टिकट, सुविधाएं शून्य

स्थानीय नागरिकों और यात्रियों में रेल प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी रोष है। लोगों का कहना है कि टिकट के नाम पर रेलवे उनसे पूरा पैसा वसूलती है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर प्लेटफॉर्म पर एक मजबूत शेड तक मुहैया नहीं करा पा रही है। जिला बनने के बाद उम्मीद थी कि स्टेशन का कायाकल्प होगा, लेकिन न तो रेल प्रशासन के अधिकारी इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस जनसमस्या पर आवाज उठा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर नए शेड का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया और अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त नहीं की गईं, तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# भक्तिभाव से संपन्न हुआ 121 पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक महारुद्राभिषेक



**लोकसदन >> कोरबा।**

मां सर्वमंगला मंदिर, दुरपा परिसर में नमः आयोजन समिति के तत्वावधान में सोमवार को दूसरे वर्ष भी 121 पार्थिव शिवलिंगों का निशुल्क सामूहिक महारुद्राभिषेक श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के राजपुरोहित नमन पांडे ने बताया कि नमः आयोजन समिति द्वारा यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष किया गया है। समिति का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से भगवान शिव की आराधना और महारुद्राभिषेक का अवसर उपलब्ध कराना है। इसके तहत 121 पार्थिव शिवलिंगों की स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विविध पूजन-अर्चन और महारुद्राभिषेक कराया गया। अभिषेक के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भक्तों ने जल, दूध और विभिन्न पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक किया। वैदिक मंत्रों के उच्चारण और भगवान शिव के जयकारों से पूरा परिसर शिवमय हो गया था। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई थीं। नमन पांडे ने कहा कि पार्थिव शिवलिंग पूजन और महारुद्राभिषेक की परंपरा में आस्था रखने वाले भक्तों के लिए यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। सामूहिक आयोजन के माध्यम से अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

आयोजन की सफलता में समिति के सदस्यों और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बाल संरक्षण एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोकसदन >> जांजगीर-चांपा।**

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में बाल संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला दर्शभाठा में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श के संबंध में



जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन चांपा में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पॉक्सो एक्ट, सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श तथा सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के स्थायी पुनर्वास के संबंध में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल श्रमिक, अपशिष्ट संग्राहक, भिक्षावृत्ति में लिप्त एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान तथा उनके संरक्षण एवं पुनर्वास के संबंध में जानकारी दी गई। उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट एवं नशे में लिप्त बच्चों से संबंधित मामलों की सूचना तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही 9827771819 एवं 8963997174 पर भी सूचना दी जा सकती है।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**लोकसदन >> जांजगीर-चांपा।**

जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हों, ताकि जिलेवासियों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस दौरान जांजगीर-चांपा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि आम नागरिकों के कार्यों का त्वरित निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार, लापरवाही की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए और शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले में संचालित बड़ी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने बारिश के दौरान बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो तथा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में उसका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ने बारिश के दौरान सड़कों में हुए गड्ढों एवं क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं। प्रभारी मंत्री ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने ई-ऑफिस एवं ई-अटेंडेंस व्यवस्था की भी समीक्षा की और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आम नागरिकों को समय पर उनका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

# बरसते पानी में दौड़े 300 से अधिक युवा, जिला कांग्रेस कमेटी का आयोजन

- राजीव गांधी जयंती पर रन फॉर राजीव मैराथन का हुआ आयोजन

**लोकसदन >> सूरजपुर।**

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर द्वारा गुरुवार को रन फॉर राजीव मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। एकता, भाईचारे, स्वस्थ जीवनशैली और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के संदेश के साथ आयोजित इस मैराथन में 300 से अधिक धावकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मैराथन का शुभारंभ अग्रसेन चौक से हुआ, जहां से धावक कलेक्ट्रेट गेट से होते हुए पुनः अग्रसेन चौक पहुंचे। खास बात यह रही कि आयोजन के दौरान बारिश होने के बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ।



बरसते पानी में युवा और युवतियां पूरे जोश के साथ दौड़ते नजर आए। देशभक्ति और उत्साह से भरे माहौल में प्रतिभागियों ने मैराथन को सफल बनाया।

मैराथन में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी शामिल हुए और प्रतिभागियों के साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़े। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।

आयोजकों ने बताया कि रन फॉर राजीव का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वर्गीय राजीव गांधी के विचारों और उनके आधुनिक एवं सशक्त भारत के सपने को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए थे। प्रथम पुरस्कार 10,000 रतनपुर बिलासपुर के मनीष कुमार को, द्वितीय 5,000 नीरज कुमार अगस्तपुर, तृतीय 3,000 असलेश राजवाड़े अगस्तपुर को तथा चतुर्थ 1,111 हिम्मत लाल भटगांव को प्रदान किया गया। वही महिला धाविका में फ़लेश्वरी राजवाड़े नमदगिरी व प्रज्ञा राजवाड़े चन्द्रिकापुर को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। मैराथन में सूरजपुर जिले के साथ कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, कोरबा व पेंड्रा जिले से धावक पहुँचे थे।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। बारिश के बीच भी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन ने आयोजन को यादगार बना दिया। वही एक कदम स्वास्थ्य की ओर, एक कदम बेहतर भारत की ओर के संदेश के साथ संपन्न हुई। मैराथन ने सूरजपुर में राजीव गांधी जयंती को युवा ऊर्जा और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाने का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल, पूर्व नपा अध्यक्ष के के अग्रवाल, आदिवासी नेता विद्या सागर सिंह, संगठन महामंत्री संजय डोसी, इस्माईल खान, जी एस मिश्रा, सुनील अग्रवाल, नरेंद्र जैन, सुनील सारथी, वेद प्रकाश मिश्रा, महेंद्र साहू, अरविंद यादव, केबी सिंह, अंशुल गोयल, विनय मिश्रा, अविनाश साहू, बबीता गुप्ता, बिहारी कुलदीप, विक्की समददार, तपन सिकदार, रोहित कनोजे, दिनेश राजवाड़े, सुंदर देवांगन, लिवनेश सिंह, शक्ति ठाकुर, अरविना बेगम, खुशी अंसारी, शान्तु डोसी, परमेश्वर राजवाड़े, विफल देवांगन, शिवम सोनवानी, जितेंद्र कुर्रे, शंकर राय, राजू राजवाड़े, अमित पैकरा, यशवंत सिंह, निलेश सिंह, देवनाथ सिंह, विवेकानंद, सलीम चिश्ती, आशीष सिंह, मिक्का, इकबाल अंसारी सहित जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश कुशवाहा और उनकी एथलेटिक संघ की टीम आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रही।

# बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों के लिए किया मॉकड्रिल



**लोकसदन >> जांजगीर-चांपा।**

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सहयोग से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले में बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से लिए ग्राम शिवरीनारायण, रिंगनी (कुकदा), तहसील शिवरीनारायण के कंजी नाला में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र चौधरी, शिवरीनारायण तहसीलदार महेंद्र लहरे, प्रशिक्षक विमल कुमार बैस सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, रेस्क्यू टीम एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। रेस्क्यू टीम द्वारा बाढ़ के दौरान उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों का प्रदर्शन करते हुए बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में नदी में डूबते व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालने, तेज बहाव में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने, बाढ़ के दौरान पुल पार करते समय फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से पशुओं को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही आपदा प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले आधुनिक बचाव उपकरणों के संचालन एवं उपयोग की जानकारी भी दी गई।

मॉकड्रिल के माध्यम से बाढ़ की स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता एवं सूझबूझ के साथ कार्य करने, प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, आवश्यक संसाधनों का उपयोग करने तथा प्रशासन एवं बचाव दल के निर्देशों का पालन करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके साथ ही नागरिकों को बाढ़ जैसी स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई।

# बाढ़ आपदा से निपटने आमगांव ओपन कास्ट माईन में हुई मॉक एक्सरसाइज, कलेक्टर एवं एसपी ने किया अवलोकन





**लोकसदन >> सूरजपुर।**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूरजपुर के संयुक्त तत्वावधान में बाढ़ आपदा पर आधारित मॉकड्रिल (मॉक एक्सरसाइज) का आयोजन आज प्रातः 10:00 बजे आमगांव ओपन कास्ट माईन, रामानुजनगर में किया गया। जिसमें कलेक्टर श्रीमती रेना जमील एवं पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने उपस्थित रहकर संपूर्ण गतिविधि का अवलोकन किया।

मॉक एक्सरसाइज के सफल संपादन हेतु अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा के नेतृत्व में नौ कार्यक्षेत्रों के लिए पृथक-पृथक नोडल अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारी नियुक्त किए गए थे। इनमें स्टेजिंग एरिया, इंसिडेंट कमांड पोस्ट, राहत शिविर, कैंप फॉर रिस्पॉन्डर, अस्थायी अस्पताल, हेलीपैड, मीडिया मैनेजमेंट, जल भराव के कारण फंसे लोगों के बचाव का परिदृश्य तथा जीर्णोद्धार से जुड़े विभागों का समन्वय शामिल रहा। अभ्यास के दौरान खदान क्षेत्र में जल भराव से लोगों के फसने की स्थिति निर्मित कर बचाव दल द्वारा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा प्रभावितों को राहत शिविर तक पहुँचाने की प्रक्रिया का पूर्वाभ्यास किया गया।

अभ्यास में एस.डी.आर.एफ., फायर ब्रिगेड, लाइफ गार्ड, पुलिस एवं मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से भाग लिया। पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल पर बल की तैनाती, टूटे पुल एवं डुबान क्षेत्र में यातायात डायवर्सन तथा अस्थायी पुलिस सहायता केन्द्र एवं वायरलेस बेस की व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों स्थलों पर एम्बुलेंस सहित मेडिकल टीम, घटना स्थल पर सी.पी.आर. का प्रदर्शन, रैपिड रिस्पांस टीम, सर्पदंश उपचार तथा दस बिस्तरीय अस्थायी अस्पताल की व्यवस्था की गई। जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग द्वारा रेस्क्यू संसाधन एवं फायर वाहन तैनात रहे, वहीं विस्थापित ग्रामीणों को राहत शिविर तक पहुँचाने परिवहन द्वारा सुनिश्चित की गई। मॉकड्रिल स्थल पर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में एसईसीएल विश्रामपुर प्रबंधन का सहयोग रहा।

कार्यक्रम में जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता, एसडीएम अजय मोडियम, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर सुनील अग्रवाल व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

आयोजन का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय, प्रतिक्रिया समय एवं उपलब्ध संसाधनों की तत्परता का आकलन करना रहा।


**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** — शाखाः अंबिकापुर (छ.ग.)

**Central Bank of India** — Branch: Ambikapur (C.G.)

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बंधक रखी गई अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचनाः

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता ''सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया'' के पास बंधक रखी गई है, जिसका भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा (संपत्ति के सामने विशेष रूप से उल्लिखित) सुरक्षित ऋणदाता द्वारा बंधक समझौते के तहत लिया गया है, नीलामी के लिए रखी जाएगी तथा इसे नीचे उल्लिखित **''जहां है जैसा है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) से सुरक्षित ऋणदाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को देय राशि की वसूली की जा सके। संबंधित सम्पत्तियों का आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि नीचे उल्लिखित है।

| स. क्र. | उधारकर्ताओं/ शाखा का नाम | संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति का विवरण और संपत्ति के मालिक / कब्जा का प्रकार | मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि / कब्जा सूचना की तिथि | आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि / बोली वृद्धि राशि | शाखा नाम/ सम्पर्क व्यक्ति एवं सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | **श्री अब्दुल रशीद खान, प्रोप. मेसर्स आर.के. एजेंसीज** एवं **मेसर्स रशीद एडवरटाईजर पुत्र स्व. अब्दुल रफीज खान**, सदर रोड, अंबिकापुर, तहसील-अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़ 497001 | खसरा नं. **2484/25**, मोहल्ला मोमिनपुरा (पाराडांड़), समलाय मंदिर के पास, अंबिकापुर, जिला- सरगुजा, छत्तीसगढ़ 497001, प्लॉट क्षेत्रफल **0.018** हेक्टेयर, पर निम्नलिखित चौहद्दी के साथ निर्मित भूमि एवं तीन मंजिला आवासीय भवन। **उत्तर-** सड़क, **दक्षिण-** मोहम्मद शरीफ खान की जमीन, **पूर्व-** फिरोज खान का मकान, **पश्चिम-** मोहम्मद खालिक का मकान। | 01/06/2021<br>₹ 19,29,672.00 मेसर्स आर.के. एजेंसीज<br>₹ 12,98,137.00 + उस पर ब्याज व अन्य व्यय मेसर्स रशीद एडवरटाईजर<br>19/08/2021 | ₹ 40,82,000/-<br>₹ 4,08,200/-<br>₹ 50,000/- | अंबिकापुर<br>श्री सौरव प्रधान 79783 64316 |

| निरीक्षण की तिथि एवं समय | ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 21/09/2026 दोपहर 02:00 बजे से 4:00 बजे के बीच | 22/09/2026, दोपहर 3:00 बजे तक। | 22/09/2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक |

**ई-नीलामी ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' और ''जो कुछ है आधार''** पर आयोजित की जा रही है।

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ऋणभार, नीलामी में रखी गई संपत्ति के शीर्षक और दावों/ अधिकारों/ बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।

2. बोलीदाताओं को निम्नलिखित औपचारिकताएं पहले ही पूरी करनी होंगीः **चरण 1-** बोलीदाता/ क्रेता पंजीकरणः बोलीदाता को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का उपयोग करके ई-नीलामी पोर्टल **https://www.baanknet.com** पर पंजीकरण करना होगा। **चरण 2-** केवाईसी सत्यापनः बोलीदाता को अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। केवाईसी दस्तावेजों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाएगा (इसमें दो कार्य दिवस लग सकते हैं)। **चरण 3 -** ईएमडी राशि का उसके ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरणः ई-नीलामी पोर्टल पर उत्पन्न चालान का उपयोग करके एनईएफटी/ ट्रांसफर का उपयोग करके फंड का ऑनलाइन/ ऑफ-लाइन हस्तांतरण। **चरण 1 से चरण 3** बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी तिथि से पहले काफी पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। पते के प्रमाण की प्रति, जिसके बिना बोली अस्वीकृत जा सकती है।

3. ई-नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया अपनी बोलियां जमा करने और इसमें भाग लेने से पहले **https://www.baanknet.com** और सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **www.centralbankofindia.co.in** देखें।

सफल बोली लगाने वाले को बोली की रकम का **25%** (**EMD** काटकर) सफल बोली लगाने वाले के ऐलान के अगले दिन और बाकी **75%** 15 दिनों के अंदर सेल इंटिमेशन लेटर में बताए गए अकाउंट में जमा करना होगा (जो उसे जारी किया जाएगा)। अगर वह सेल इंटिमेशन लेटर में बताई गई रकम जमा नहीं कर पाता है, तो पहले से जमा की गई रकम जब्त कर ली जाएगी और प्रॉपर्टी का नया ऑक्शन किया जाएगा। बोली लगाने वाले अपने ऑफिस/अपनी पसंद की जगहों से कोटेशन/बोली लगाकर ई-नीलामी में हिस्सा ले सकते हैं। हर बोली लगाने वाले को खुद इंटरनेट कनेक्टिविटी पक्की करनी होगी। बैंक/सर्विस प्रोवाइडर इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क की दिक्कतों, सिस्टम क्रैश होने, बिजली जाने वगैरह के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

### सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री

उधारकर्ताओं/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति की ई-नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत की वसूली की जाएगी।

दिनांक : 21.08.2026 स्थानः अंबिकापुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया